राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

**संचिका संख्या– प0नि0 30–98/2025**......3187

प्रेषक,

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सचिव,
पंचायती राज विभाग,
बिहार, पटना।

दिनांकः–04/08/2026

विषयः– पंचायत परिसीमन से संबंधित आवंटन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार के पत्रांक–I/333243/2026, दिनांक–01.08.2026

महाशय,

उर्पयुक्त विषयक संबंध में कहना है कि पंचायत परिसीमन हेतु जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार से ग्रामीण क्षेत्रों के CEB Layout Map एवं गणना ब्लाकवार SC/ST एवं कुल जनसंख्या संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। भारत के महारजिस्टर एवं जनगणना आयुकत कार्यालय, नई दिल्ली से प्राप्त दिशा–निर्देश के आलोक में के जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार के पत्रांक–I/333243/2026, दिनांक–01.08.2026 द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के CEB Layout Map 50/–प्रति EB (लगभग 01 करोड़) तथा गणना ब्लाकवार SC/ST एवं कुल जनसंख्या हेतु 975000/– (नौ लाख पचहतर हजार रूपये) शुल्क की मांग की गई है। वर्तमान में आयोग के दैनिक आकस्मिक कार्यों के निष्पादन हेतु भी राशि उपलब्ध नहीं है।

अतः अनुरोध है कि उर्पयुक्त एवं अन्य अतिआवश्यक कार्य हेतु तत्काल 03 (तीन) करोड़ रूपये का आवंटन उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

परिसीमन कार्य में एन.आई.सी. द्वारा जी.आई.एस. मैप उपलब्ध कराया जा रहा है तथा सी–डैक पटना द्वारा पंचायत गठन/परिसीमन हेतु ए.आई. आधारित सॉफ्टवेयर निर्माण किया जा रहा है। एन.आई.सी. एवं सी–डैक द्वारा इस कार्य में व्यय होने वाली राशि की मांग उपलब्ध कराये जाने के पश्चात विस्तृत आवंटन की अधियाचना तैयार कर यथाशीघ्र प्रेषित की जाएगी।

<u>अनुलग्नकः–यथोक्त</u>

विश्वासभाजन
4/8/26
संयुक्त निर्वाचन आयुक्त

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847| E-mail: secbihar@gmail.com

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
जनगणना कार्य निदेशालय बिहार
DIRECTORATE OF CENSUS OPERATIONS BIHAR

8वांतल, सी.-जी.ब्लॉक, कर्पूरी ठाकुर सदन,
8th Floor, C-G Block, Karpoori Thakur Sadan,
आशियाना-दिघारोड, पटना -800025
Ashiana-Digha Road, Patna-800025
टेलीफोन/Telephone-0612 2565958, 60
E-mail:- dco-bih.rgi@censusindia.gov.in

I/333243/2026 दिनांक - 01-08-2026

सेवा में,

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
बिहार राज्य निर्वाचन आयोग,
पटना।

विषय: जनगणना-2011 से संबंधित आँकड़े उपलब्ध कराए जाने के संबंध में

सन्दर्भ: भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली पत्रांक 14011/01/2020-DDU, दिनांक 31.07.2026

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि आपके पत्रांक प०नि०-30-63/2026-3118/ दिनांक-28-07-2026 के आलोक में आपके द्वारा जनगणना 2011 से संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त के संबंध में भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली को पत्र प्रेषित किया गया। इस क्रम में भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली पत्रांक 14011/01/2020-DDU, दिनांक 31.07.2026 (संलग्न) के माध्यम से बिहार राज्य निर्वाचन आयोग को जनगणना-2011 से संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराए जाने के संबंध में दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं।

1. इस संबंध में सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य में जनगणना – 2011 के कुल 2,06,233 CEBs में से लगभग 1,53,044 CEB के Layout Maps डिजिटल रूप में उपलब्ध हैं, इन्हें रु० 50/- प्रति CEB Layout Map की दर से उपलब्ध कराया जा सकता है ( हार्ड कॉपी हेतु फोटो कॉपी शुल्क अतिरिक्त देय होगा)।
2. ग्रामीण AHL, जिसकी संख्या लगभग 1,53,212 है, डिजिटल रूप में उपलब्ध नहीं है। लगभग 26,261 शहरी CEB AHLs जनगणना निदेशालय बिहार में डिजिटल रूप में उपलब्ध हैं, जिन्हें रु० 100/- प्रति AHL पर उपलब्ध कराया जा सकता है।
3. बिहार राज्य के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों के गणना ब्लॉक -वार लिंगवार/SC/ST जनसंख्या संबंधित आंकड़े निर्धारित शुल्क रु० 9,75,000/- प्राप्त होने के उपरांत उपलब्ध कराये जा सकते हैं।
4. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्व ग्रामवार जनसंख्या प्राथमिक जनगणना सार (Primary Census Abstract - PCA) भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट censusindia.gov.in पर निःशुल्क उपलब्ध है। इसकी प्रति जनगणना कार्य निदेशालय बिहार में निर्धारित मूल्य प्रति रु० 215/- पर उपलब्ध है।
5. चार्ज रजिस्टर की प्रतियां प्रसार हेतु उपलब्ध नहीं हैं। अतः इन्हें किसी भी बाह्य एजेंसी/विभाग के साथ साझा नहीं किया जा सकता है।

साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि उपलब्ध कराए जाने वाले आंकड़ों का उपयोग केवल स्वीकृत

शासकीय प्रयोजन हेतु किया जाएगा तथा उन्हें किसी अन्य बाह्य एजेंसी के साथ साझा नहीं किया जा सकेगा एवं आंकड़े की गोपनीयता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आयोग की होगी।

अतः अनुरोध है कि संलग्न पत्र में वर्णित दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें।

अनुलग्नक : यथोपरि

भवदीया,

Digitally signed by
Manju Gupta
Date: 01-08-2026
14:47:03

(मन्जू गुप्ता)

संयुक्त निदेशक

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
जनगणना कार्य निदेशालय बिहार
DIRECTORATE OF CENSUS OPERATIONS BIHAR

8वांतल, सी.–जी.ब्लॉक, कर्पूरी ठाकुर सदन,
8th Floor, C-G Block, Karpoori Thakur Sadan,
आशियाना-दिघारोड, पटना -800025
Ashiana-Digha Road, Patna-800025
टेलीफोन/Telephone-0612 2565958, 60
E-mail:- dco-bih.rgi@censusindia.gov.in

I/333243/2026 दिनांक - 01-08-2026

सेवा में,
संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
बिहार राज्य निर्वाचन आयोग,
पटना।

विषय: जनगणना-2011 से संबंधित आँकड़े उपलब्ध कराए जाने के संबंध में

सन्दर्भ: भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली पत्रांक 14011/01/2020-DDU, दिनांक 31.07.2026

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि आपके पत्रांक प०नि०-30-63/2026-3118/ दिनांक-28-07-2026 के आलोक में आपके द्वारा जनगणना 2011 से संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त के संबंध में भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली को पत्र प्रेषित किया गया। इस क्रम में भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली पत्रांक 14011/01/2020-DDU, दिनांक 31.07.2026 (संलग्न) के माध्यम से बिहार राज्य निर्वाचन आयोग को जनगणना-2011 से संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराए जाने के संबंध में दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं।

1. इस संबंध में सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य में जनगणना – 2011 के कुल 2,06,233 CEBs में से लगभग 1,53,044 CEB के Layout Maps डिजिटल रूप में उपलब्ध हैं, इन्हें रु० 50/- प्रति CEB Layout Map की दर से उपलब्ध कराया जा सकता है ( हार्ड कॉपी हेतु फोटो कॉपी शुल्क अतिरिक्त देय होगा)।
2. ग्रामीण AHL, जिसकी संख्या लगभग 1,53,212 है, डिजिटल रूप में उपलब्ध नहीं है। लगभग 26,261 शहरी CEB AHLs जनगणना निदेशालय बिहार में डिजिटल रूप में उपलब्ध हैं, जिन्हें रु० 100/- प्रति AHL पर उपलब्ध कराया जा सकता है।
3. बिहार राज्य के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों के गणना ब्लॉक -वार लिंगवार/SC/ST जनसंख्या संबंधित आंकड़े निर्धारित शुल्क रु० 9,75,000/- प्राप्त होने के उपरांत उपलब्ध कराये जा सकते हैं।
4. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्व ग्रामवार जनसंख्या प्राथमिक जनगणना सार (Primary Census Abstract - PCA) भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट censusindia.gov.in पर निःशुल्क उपलब्ध है। इसकी प्रति जनगणना कार्य निदेशालय बिहार में निर्धारित मूल्य प्रति रु० 215/- पर उपलब्ध है।
5. चार्ज रजिस्टर की प्रतियां प्रसार हेतु उपलब्ध नहीं हैं। अतः इन्हें किसी भी बाह्य एजेंसी/विभाग के साथ साझा नहीं किया जा सकता है।

साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि उपलब्ध कराए जाने वाले आंकड़ों का उपयोग केवल स्वीकृत

शासकीय प्रयोजन हेतु किया जाएगा तथा उन्हें किसी अन्य बाह्य एजेंसी के साथ साझा नहीं किया जा सकेगा एवं आंकड़े की गोपनीयता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आयोग की होगी।

अतः अनुरोध है कि संलग्न पत्र में वर्णित दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें।

अनुलग्नक **:** यथोपरि

भवदीया,

Digitally signed by
Manju Gupta
Date: 01-08-2026
14:47:03

(मन्जु गुप्ता)
संयुक्त निदेशक